प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 24.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **विधानसभा में एक लाख अठावन हजार पांच सौ साठ करोड़ रूपये का वार्षिक बजट पेश, सरकार ने की कई घोषणायें, चतरा में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की होगी स्थापना।**
2. **चतरा एयर एम्बुलेंस हादसे की जांच के लिए डीजीसीए की टीम पहुंची रांची, चतरा जाकर रिकवर करेगी ब्लैक बॉक्स।**
3. **केन्द्रीय कैबिनेट का फैसला, झारखंड के गम्हरिया–चांडिल तीसरी और चौथी रेललाइन समेत लगभग 9,072 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को भी मंजूरी।**
4. **स्टेट गर्वनमेंट सैलरी पैकेज योजना के तहत राज्य सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ किया एमओयू, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भी रहे मौजूद। और**
5. **पलामू, गढ़वा और लातेहार को छोड़कर राज्य में आज भी हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की संभावना, येलो अलर्ट जारी।**

****

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एक लाख अंठावन हजार करोड़ रूपये का वार्षिक बजट पेश किया। बजट में राज्य सरकार ने की कई घोषणायें की है। बजट में चतरा में डॉ0 भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान किया गया है। आईआईटी और एनआईटी की तर्ज पर राजकीय पोलेटेक्निक को झारखंड इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के रुप में विकसित करने का भी प्रस्ताव है। वित्तमंत्री ने कहा कि पर्यटन के जरिए सरकार राजस्व में वृद्धि करने का इरादा रखती है। उन्होंने बताया कि बजट में रुरल इकोनोमी की मजबूती और गरीबों के उत्थान पर विशेष रुप से फोकस रहा है।

****

सत्ता पक्ष ने राज्य के वार्षिक बजट की सराहना की है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब, महिला, युवा और अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

****

भाजपा ने राज्य के वार्षिक बजट को निराशाजनक करार दिया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट में राज्य की जरुरतों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र से प्राप्त राशि का राज्य सरकार समुचित उपयोग नहीं कर पाती है।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने राज्य के बजट को दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में सिर्फ आंकड़ों का हेर–फेर है।

****

चतरा में हुए विमान हादसे की जांच के लिए डीजीसीए की टीम आज रांची पहुंच गयी है। टीम चतरा जाकर विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर करेगी और हादसे की जांच करेगी। गौरतलब है कि चतरा जिले के सिमरिया में कल रांची से दिल्ली जा रहा एयर एम्बुलेंस क्रैश हो गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी थी।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रही हैं। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति जमशेदपुर के कदमा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के भूमि पूजन समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज बारीडीह का भी दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इधर रांची जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए बिरसा मुंडा

एयरपोर्ट की परिधि में 26 फरवरी को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है। यह निषेधाज्ञा सवेरे छह बजे से दस बजे रात तक लागू रहेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज सेवा तीर्थ में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने रेलवे की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में झारखंड के गम्हरिया–चांडिल तीसरी और चौथी रेललाइन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से पीएम गति शक्ति योजना को गति मिलेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति में आज प्रोजेक्ट भवन में स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक के साथ राज्य सरकार ने एमओयू किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमओयू से राज्य सरकार के कर्मचारियों का नया अध्याय जुड़ा है।

****

हजारीबाग पुलिस ने तेइस चोरी की दोपहिया वाहन को बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर गठित टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर चोरी की तेइस दोपहिया वाहन को बरामद किया गया। पुलिस की टीम इसमें शामिल अन्य चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

****

राज्यभर में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम के बदले मिजाज से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक बी0 के0 मंडल ने बताया कि गढ़वा, लातेहार और पलामू को छोड़कर राज्य के अन्य इलाकों में आज भी गरज के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****